## सार-समाचार

### पीएम मोदी के मन की बात सुनी

**राजसमंद, (निसं)।** सांसद दीया कुमारी ने राजसमंद संसदीय क्षेत्र के नाथद्वारा विधानसभा में बूथ संख्या - 52, ग्राम कुंचोली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नवीन चेतना को जागृत करने वाले मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण को सुना। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय और मातृशक्ति को संबोधित करते हुए सांसद दीया कुमारी ने कहा की पीएम मोदी के मन की बात आमजन तक पहुंचने का सशक्त माध्यम है। इस माध्यम से देश में हो रहे नवाचार से युवाओं, महिलाओं सहित हर एक उस व्यक्ति तक पहुंचना है जो राष्ट्रवादी सोच और विचारधारा से प्रतिबद्ध है। सांसद दीया ने कहा की मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने कई सामाजिक अभियानों को गति प्रदान की जिससे नई-नई प्रतिभाएं देश के सामने आई। देश में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं , सेल्फी विद डॉटर जैसे अभियानों के माध्यम से बालिकाओं के सम्मान व सरंक्षण को बढ़ावा मिला। मन की बात के माध्यम से पी एम मोदी ने युवाओं एवं महिलाओं किसानो, सैनिको, विद्यार्थियों, मजदूरों एवं योजनाओं के लाभ से समाज में वंचित रहे अंतिम व्यक्तियों के उत्थान के लिए काम किया।

### जिला कलेक्टर का किया अभिनंदन

**उदयपुर, (कासं)।** आदिवासी बहुल क्षेत्र कोटड़ा में ऑल आदिवासी डॉक्टर वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा जिला प्रशासन तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटडा परिसर में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने किया। शिविर में आमजन उमड़ पड़ा और निशुल्क चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ उठाया। लोगों ने इस शिविर के लिए आदिवासी डॉक्टर वेलफेयर सोसाइटी का आभार व्यक्त किया वहीं इस दौरान सीएम एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित होने के बाद पहली बार कोटड़ा पहुंचे कलक्टर मीणा से मिलने के लिए भी लोग उत्साहित दिखे।इस मौके पर जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा को लोक प्रशासन में प्रतिबद्धता एवं नवाचार के क्रम में सफल मिशन कोटड़ा, आदि महोत्सव, जी-20 की सफलतम तैयारियां एवं सीएम एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करने पर 11 किलो फुल की माला, साफ़ा पहनाकर एवं मोमेंटो भेट कर नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया।

### करंट लगने से ठेकाकर्मी की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के पगारा गांव में रविवार को करंट लगने से एक ठेकाकर्मी लाइन मैन की मौत हो गई। लाइन मैन पगारा में बिजली लाइन के फाल्ट को ठीक करने चढा था और करंट लगने से नीचे गिर गया ओर उसे चोट पहुंची। घटना के बाद लाईन मैन को जिला अस्पताल लेकर पहुचें जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वही परिजन अब ठेकेदार को बुलाने की मांग पर अडे है। दोवडा थानाधिकारी हेमंत चौहान ने बताया की,सिदडी खेरवाडा निवासी विकेश 24 वर्षीय पुत्र कोदर परमार डूंगरपुर में ठेकाकर्मी लाइन मैन है। शनिवार रात को कंप्लेन आने पर वह एफआरटी टीम के साथ पगारा में बिजली लाइन का फॉल्ट ठीक करने गया था। लाइन को ठीक करने वह पोल पर चढा। उसी समय उसे अचानक करंट लगा और नीचे गिर गया। जिससे उसे चोंट आई। जिस पर उसके साथी बिजली कर्मचारी उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### महिला मंडल अध्यक्ष का निधन

**डूंगरपुर, (निसं)।** श्री बीसा नागदा संगम महिला मंडल अध्यक्ष टुना पत्नि मुकेश नागदा का हदय गति रूकने से मृत्यु हो गयी वह 51 वर्ष की थी।शहर के न्यु कोलोनी महावीर नगर निवासी टुना नागदा का तडके 3 बजे अचानक तबीयत खराब हुई जिसे परिजन लेकर तत्काल सामान्य चिकित्सालय पहुचें जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया समाचार मिलते ही परिजन व समाजजनों में शोक की लहर छा गयी ओर बडी संख्या में शहरवासी मौके पर पहुचे जहा से उनके शव को निवास स्थान पर लाया गया तथा देर शाम को सुरपुर मोक्ष धाम पर अंतिम संस्कार किया गया श्रीमती नागदा भाजपा नगर मंडल के पुर्व अध्यक्ष मुकेश नागदा की पत्नि एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष केवलजी नागदा की पुत्रवधु थी।

# 'राष्ट्र भाषा और राष्ट्र एकता को साधने में साहित्य का योगदान'

**उदयपुर, (कासं)।** प्रदेश की ख्यातनाम साहित्यिक संस्था राष्ट्र भाषा हिन्दी प्रचार समिति के वृहद हीरक जयंती समारोह के उद्घाटन अवसर पर जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि के उपकुलपति प्रो एस एस सारंगदेवोत ने कहा कि राष्ट्र भाषा, राष्ट्र शिक्षा और राष्ट्र भाषा हिन्दी प्रचार समिति का हीरक जयंती समारोह एकता के लक्ष्यों को साधने में साहित्य का बहुत बडा योगदान रहा है।

कितनी उल्लेखनीय बात है कि देश में श्रीडूंगरगढ शहर राष्ट्र भाषा हिन्दी प्रचार समिति के नाम से पहचाना जाता है। संस्था ने विगत बासठ वर्षों में साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में अपनी गहरी जडें जमाई हैं। साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में काम करने में विश्व विद्यालयों की अपनी सीमाएं रहती हैं। पर साहित्यिक संस्थाएं एकांगी भाव से यह कार्य अधिक प्रखरता से कर पाती हैं। इसलिए ऐसी संस्थाओं का महत्व अधिक है।

- **राष्ट्र भाषा हिन्दी प्रचार समिति का हीरक जयंती समारोह आयोजित**
- **प्रो सारंगदेवोत ने कहा कि हमारा विवि इस संस्था के साथ मिलकर शोध कार्य करेगा तथा शीघ्र ही संस्था को इस हेतु सम्बद्धता प्रदान की जाएगा**

प्रो सारंगदेवोत ने इस अवसर पर कहा कि हमारा विवि इस संस्था के साथ मिलकर शोध कार्य करेगा तथा शीघ्र ही संस्था को इस हेतु सम्बद्धता प्रदान की जाएगी। उन्होंने साहित्यिक कार्यों के निमित्त संस्था को पच्चीस हजार रुपयों की राशि प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम के अध्यक्ष संगीत एवं कलामनीषी डॉ डी बी क्षीरसागर ने कहा कि आज का लोक साहित्य, कल का शास्त्रीय साहित्य है। साहित्य और इतिहास प्राचीन संस्कृति पर आधृत होने पर अधिक कालजयी बनता है।

मुख्य वक्ता साहित्यकार डॉ चेतन स्वामी ने कहा कि राष्ट भाषा हिन्दी प्रचार समिति, साहित्य और संस्कृति से जुडे लोगों के लिए किसी तीर्थ स्थल से कम महत्वपूर्ण नहीं है। यहां इस संस्था ने अपने बासठ वर्षों के काल में कभी भी नैराश्य को पास में फटकने नहीं दिया, उसी का सुफल है कि संस्था ने अपने जुडाव से राष्ट्रीय ख्याति के अनेक साहित्यकार दिए। इस माटी के लिए यह बहुत गर्व करने लायक बात है।

महाराजा गंगासिंह विवि के अतिरिक्त कुल सचिव तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ बिट्ठल बिस्सा ने कहा कि राष्ट्र भाषा के शोध अनुसंधान और प्रकाशन के कार्य किसी विश्व विद्यालय से कम नहीं है। महाराजा गंगासिंह विवि को इस संस्था से जुड कर प्रसन्नता होगी। प्रारंभ में भामाशाह भीखमचंद पुगलिया ने कहा कि किसी भी संस्था के द्वारा हीरक जयंती मनाने का तात्पर्य ही यही है कि संस्था ने कार्य करने में कोई कसर नहीं छोडी। स्थानीय विधायक गिरधारीलाल महिया ने कहा कि इस संस्था को संवारने में साहित्यकार श्याम महर्षि ने अपना समूचा जीवन लगाया है। साहित्य में जीवन के मूल्य निहित रहते हैं। मैं संस्था को सदैव अपना योगदान करता रहूंगा। संस्था के अध्यक्ष श्याम महर्षि ने संस्था की बासठ वर्षों की यात्रा को बयान किया और बताया कि कैसे एक एक जन का इस संस्था के साथ आत्मीय जुडाव होता गया।

### गांजे की खेती पकड़ी

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के धंबोला थाना पुलिस ने रविवार को सब्जियों के बीच अवैध रूप से की जा रही गांजे की खेती की खेप पकडी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी ने अपने खेत में सब्जियों के बीच गांजे के पौधे उगा रखे थे। पुलिस ने गांजे के 634 पौधे जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जब्त किये गये गांजे के पौधों का वजन 18 किलो से ज्यादा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली की रणछोड़ उर्फ मानसिंह पुत्र सना डामोर मीणा निवासी भैसला फला दीपपुरा ने अपने खेत में मिर्ची और बैंगन के फसल के बीच ही गांजे के पौधे उगाए हैं। इन पौधों पर पत्तियों के साथ ही डोडिया भी उगी हुई है। इस पर पुलिस की टीम भैसला पहुंची ओर रणछोड़ उर्फ मानसिंह के घर के पास खेत में ही मिर्ची और बैंगन के बीच गांजे के पौधे उगे मिले। पुलिस ने गांजे के सभी पौधों को उखाडक़र गिनती की, जिस पर 634 पौधे बरामद किए। इन पौधों का कुल वजन 18 किलो 100 ठाम पाया गया। बिना किसी कागजात के गांजा उगाने पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर आरोपी रणछोड़ उर्फ मानसिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

# लेकसिटी जूनियर मास्टर कुजिनियर का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** टूरिज्म एवं होटल मैनेजमेंट प्रोग्राम प्रबंध अध्ययन संकाय, मोहनलाल सुखाडिया विवि, उदयपुर के तत्वावधान में लेकसिटी जूनियर मास्टर कुजिनियर (शेफ) का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का अंतिम राउंड आज पर्यटन भवन, मोहनलाल सुखाडयि विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया । लेक सिटी जूनियर मास्टर के फाइनल के प्रथम स्तर पर प्रतिभागीयो को मॉकटेल बनाने को कहा गया इसके पश्चात द्वितीय स्तर पर अन्तराष्ट्रीय मिलेट ईयर को ध्यान में रखते हुए मिलेट सामग्री का प्रयोग करते हुए एक व्यंजन बनाने को कहा गया तीसरे स्तर में रोचकता भरने के लिए आउट ऑफ बॉक्स राउंड रखा गया। जिसमें प्रतीभागीयो के सम्मुख एक बॉक्स खोल गया एवं उस बॉक्स से निकली हुई सामग्री से उन्हें अपने व्यन्जन को और लजीज बनाने का कहा उसके पश्चात निर्णायक मण्डल मे शामिल सैफ डा संगीता धर एवं सैफ कविशी सरदालिया ने निर्णय दिया। इस प्रतियोगिता के बाद

- **प्रो त्रिवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि विवि मे लेकसिटी मास्टर कुजिनियर का आयोजन एक नवाचार है इससे ना सिर्फ विद्यार्थीयो मे आयोजन की क्षमता बढ़ती है**

पुरुस्कार वितरण किया। जिसमें सुविवि के कुलपति प्रोफेसर आई वी त्रिवेदी मुख्य अतिथि थे। प्रबंध अध्ययन संकाय की निदेशक प्रोफेसर मीरा माथुर विशिष्ट अतिथि थी।

प्रो त्रिवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि विवि मे लेकसिटी मास्टर कुजिनियर का आयोजन एक नवाचार है इससे ना सिर्फ विद्यार्थीयो मे आयोजन की क्षमता बढती है । विशिष्ट अतिथि प्रबंध अध्ययन संकाय की निदेशक प्रोफेसर मीरा माथुर ने इस प्रकार के आयोजनो से पुरुषो में कूकिंग मे रुचि पैदा करने की और एक कदम है। उन्होंने इसे अप्रत्यक्ष रूप से महिला सशक्तीकरण मे अंशदान माना। प्रारम्भ मे पर्यटन एवं होटल प्रबंध के प्रोफेसर हनुमान प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 18 वर्ष के बच्चों मे निहित कूकिंग स्कील को उजागर करने के उद्देश्य से आयोजित किया । इसमे उदयपुर के बच्चो ने प्रतिभागिता की। इस हेतु प्रथम राउंड मे उन्हे तीन मिनट का कूकिंग वीडियो भेजना था।

द्वितीय राउंड मे कुल आठ प्रतिभागियों को चुना गया जिनको ऑनलाइन कूकिंग करवाई गयी तथा उनमे से चुन कर पांच प्रतिभागी अंतिम राउंड मे बुलाये गए थे। शेफ देवेंद्र यादव ने विजेता प्रतिभागी की घोषणा करते हुए बताया कि लेकसिटी मास्टर कुजिनि 2023 का खिताब जयेश पालीवाल ने जीता जिन्हे पांच हजार रुपये की पुरुष्कार राशि दी गयी। प्रथम रनरअप मंथन माली और दितीय रनरअप प्रजना रावल रहे।

## सार-समाचार

### अफीम डोडा-चूरा तस्कर रिमाण्ड पर

**उदयपुर, (कासं)।** अवैध डोडा चुरा तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर लिया। प्रतापनगर थाना एसआई मांगीलाल ने अवैध अफीम डोडा चुरा तस्करी करने वाले सन्देवाला बोहा मानसा पंजाब हॉल मण्डीवाली गलरी हनुमान मंदिर के सामने सब्जि मण्डी सिरसा हरियाण निवासी निर्मलसिंह पुत्र गुरूदेवसिंह को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे 3 मई तक के लिए पुलिस रिमाण्ड पर लिया हैं। जिससे पूछताछ की जारही है। प्रकरण के अनुसार शनिवार रात में प्रतापनगर थानाधिकारी दर्शनसिंह मय टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर देबारी टी पोइंट एनएच 76 पर गश्त के दौरान पैदल आ रहे व्यक्ति को रोक तलाशी ली तो उसके कब्जे में तीन थैलो में 24 किलो 700 ग्राम अवैध अफीम डोडा चुरा पाया गया। पूछताछ में सतोषप्रद जवाब नहीं देने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया था।

### अवैध गोवंश से भरा वाहन जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** परसाद थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध गोवंश से भरा वाहन जब्त किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान रविवार तडके हाइवे पर गश्ती मोबाईल टीम को उदयपुर से आ रहे पीकअप वाहन में गोवंश भरा होने की सूचना मिली। इस पर हेडकांस्टेबल अनिल कुमार मय टीम ने मौके पर पहुंच कर वाहन को देख इशरा किया। इस पर पुलिस को देख चालक व साथी वाहन छोड़ कर फरार हो गए। मौके पर जाकर तलाशी ली तो वाहन में छह गोवंश भरे थे। इस पर पुलिस ने गोवंश सहित वाहन जब्त कर अज्ञात तस्करों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### हमले में जीप चालक घायल

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर झाड़ोल मार्ग पर बदमाशों ने पत्थरबाजी कर कार चालक को घायल किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 अप्रेल रात में उदयपुर झाड़ोल मार्ग पर पालिया खेड़ा के समीप अज्ञात हमलावरों ने पत्थरबाजी कर दी। जिससे जीप चालक न्यू कॉलोनी झाड़ोल निवासी मदनसिंह राणावत पुत्र नाथूसिंह घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया तथा अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। मदनसिंह जीप लेकर रात में उदयपुर से घर लौट रहे थे। जहां बीच रास्ते घात लगाए बैठे बदमाशों ने पत्थरबाजी कर दी। जिससे सिर में चोट लगने से घायल हो गया था।

### सुविवि में पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा संपन्न

**उदयपुर, (कासं)।** मोहनलाल सुखाडिया यूनिवर्सिटी में रविवार को पीएच.डी. उपाधि के लिए प्रवेश हेतु आयोजित शोध प्रवेश परीक्षा (आरईटी-2023) शहर के 5 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई । इस वर्ष मोहनलाल सुखाडिया यूनिवर्सिटी में पीएच.डी. हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 31मार्च तक विभिन्न विषयों में 2442 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा में 2442 आवेदकों में से 1570 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 872 गैरहाजिर रहे । इस प्रकार उपस्थित परीक्षार्थियों का प्रतिशत 64.29 प्रति रहा। विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के सुचारू संचालन की मॉनिटरिंग और निरीक्षण करने के लिए कुलपति प्रो. आईवी त्रिवेदी, डीन पीजी स्टडीज प्रो. नीरज शर्मा, आरईटी 2023 कोऑर्डिनेटर प्रो. एस के कटारिया उप कुलसचिव डॉ. मुकेश बारबर, प्रो. महीप भटनागर, प्रो. हनुमानप्रसाद, प्रो. माधव हाडा ने केन्द्रों का दौरा किया ।

### शिक्षक संघ उपशाखा की बैठक

**कपासन,(निसं)।** उपशाखा मंत्री शांति लाल शर्मा ने बताया की मासिक बैठक उपशाखा अध्यक्ष राजेन्द्र व्यास की अध्यक्षता मे आयोजित हुई। जिसमें जिला पर्यवेक्षक उदय लाल अहीर (राशमी ), जिला पदाधिकारी मुकेश चंद्र त्रिपाठी, दिलीप उपाध्याय का मार्गदर्शन मिला।अध्यक्ष राजेन्द्र व्यास ने कहा की शिक्षक संघ राष्ट्रीय अपनी मांगो के साथ साथ छात्र हित, समाज हित, राष्ट्र हित के कार्य करता हैं। संगठन समरसता दिवस, कर्तव्यबोध पखवाडा, सदस्यता अभियान,सामाजिक सरोकार कार्य के आयोजन करता हैं। इसी क्रम मे आज पक्षियों के परिंडे बांधकर अभियान की शुरुआत की गई तथा जुलाई मे पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा।


BANASTHALI VIDYAPITH
(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)
University for women: University with a difference





Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology#/VLSI#)
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Computer Science/IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design)
M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Data Science)
M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematical Sc./Mathematics/Statistics)
M.Sc. (Physics)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.+

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.*

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Chemistry, Zoology & Botany)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Biotechnology)
B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry)
M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)
M.Sc. (Bioinformatics)

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography)
M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research
M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance & Banking/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management#)

FINE ARTS
M.A. (Music, Dance, Drawing and Painting)

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/ Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing)
M.Des.

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Hindi, English & Sanskrit) Master of Social Work

EDUCATION
B.A.B.Ed.* | B.Sc.B.Ed.* (Integrated)
B.Ed. | M.Ed.

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

#Subject to approval, +JEE-2 & NATA qualified

*Admission to this course shall be based on merit-cum-aptitude test.

Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2023-24
Scan to explore for detailed information

LAST DATE FOR APPLICATION 15 May, 2023
WITH LATE FEE (Rs. 900/-) 31 May, 2023

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: 9116624101, 9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
• For general enquiry:
9352879844, 9352879855, 9352879866
• For UG/PG Admissions:
9116624102 (Engineering & Technology)
9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
9116624105 (Law & Management Studies)
9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each course a separate application is required through either:
Option 1 : Send a DD for Pre-application fee Rs. 800/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
or
Option 2 : Online submission of application is also possible at the University's website: http://www.banasthali.org
Scan to explore

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : 01438-228384, 228990
Mob.: +91-9352879844, 9352879855, 9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2023
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA